

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**<u>राजभवन, पटना–800022</u>**

*संख्या–102/2025*

## <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

## राज्यपाल ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप–2025 <u>ट्रॉफी का अनावरण किया</u>

**पटना 19 नवम्बर, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप–2025 ट्रॉफी के बिहार आगमन पर राजभवन, पटना में उसका अनावरण किया तथा भारतीय टीम को ट्रॉफी जीतने की शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० बी० राजेन्दर एवं निदेशक श्री महेन्द्र कुमार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक–सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण संकरण, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, खिलाड़ीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप–2025 का आयोजन 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2025 तक तमिलनाडु के चेन्नई एवं मदुरै में किया जा रहा है। इस अवसर पर हॉकी इंडिया द्वारा 07 से 26 नवम्बर, 2025 तक पूरे भारत में ट्रॉफी टूर का आयोजन किया जा रहा है। नई दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा 20 शहरों से होकर गुजर रही है और 20 नवंबर को केरल में संपन्न होगी। इस क्रम में ट्रॉफी का आगमन आज पटना में हुआ है। इस वर्ष विश्व की 24 श्रेष्ठ टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। भारत ने इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को 2001 और 2016 में दो बार जीता है।

..........................................